ले लो शरण सांवरे | by Anant Mishra

ले लो शरण सांवरे गुणगान तेरा करते हैं
मेरे खाटू वाले श्याम तेरा हम ध्यान करते हैं
ले लो शरण सांवरे................

देते हो सबको तुम्ही सहारा तुमने सहारा दिया
करके कृपा फिर मेरे सांवरिया मुझको भी अपना लिया
तेरे नाम की माला दिन रात जपते हैं
मेरे खाटू वाले श्याम तेरा हम ध्यान करते हैं
ले लो शरण सांवरे................

तेरे हवाले नैया है बाबा पार लगा दो इसे
जीवन भी तेरे हवाले है बाबा आकर सम्भालो इसे
दया से तेरी कितने परिवार पलते हैं
मेरे खाटू वाले श्याम तेरा हम ध्यान करते हैं
ले लो शरण सांवरे................

हर एक ग्यारस खाटू मैं आऊं दिल की है ये आरज़ू
भजनो को तेरे गाता मैं आऊं दिखता मुझे तू ही तू
शरण में तेरी कितने दु:ख दर्द कटते हैं
मेरे खाटू वाले श्याम तेरा हम ध्यान करते हैं
ले लो शरण सांवरे................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-anant-mishra/